Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9815619715
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779






## डीबीटी से महिलाओं को मिला आर्थिक सशक्तीकरण, 'मुख्यमंत्री माँवां धीयां सत्कार योजना' की लाभार्थियों ने की सराहना



चंडीगढ़, 28 जुलाई: पंजाब सरकार की 'मुख्यमंत्री माँवां धीयां सत्कार योजना' के तहत डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) प्रणाली को राज्यभर की महिलाओं ने पारदर्शी और प्रभावी बताते हुए सराहा है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में अब तक लगभग 33 लाख महिलाओं के बैंक खातों में ₹1,149 करोड़ सीधे जमा किए जा चुके हैं। योजना के तहत एससी वर्ग की पात्र महिलाओं को ₹4,500 तथा अन्य वर्गों की महिलाओं को ₹3,000 की सहायता तीन मासिक किस्तों में दी गई है। 70 लाख से अधिक पंजीकरण के साथ यह पंजाब की सबसे बड़ी महिला-केंद्रित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल है।

गुरदासपुर की सरबजीत कौर, हरचोवाल की गगनदीप कौर, श्री हरगोबिंदपुर की सुमन कुमारी और अहमदगढ़ की हरपाल कौर सहित लाभार्थियों ने कहा कि राशि सीधे उनके खातों में आने से बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है और पैसा सुरक्षित व जरूरत के अनुसार खर्च किया जा सकता है।

## मान सरकार का बड़ा कदम: अनुसूचित जाति के स्नातकों के लिए मुफ्त स्टेनोग्राफी प्रशिक्षण, ₹1,500 मासिक वजीफा भी मिलेगा



चंडीगढ़, 28 जुलाई: पंजाब सरकार ने अनुसूचित जाति के स्नातक युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एक वर्षीय निःशुल्क स्टेनोग्राफी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि पंजाबी और अंग्रेज़ी स्टेनोग्राफी के लिए 40-40 सहित कुल 80 सीटों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में स्टेनोग्राफी के साथ कंप्यूटर टाइपिंग भी सिखाई जाएगी, जिससे सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी। पात्र आवेदक पंजाब का स्थायी निवासी, अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित, स्नातक, 30 वर्ष से कम आयु का तथा परिवार की वार्षिक आय ₹2.50 लाख से कम होनी चाहिए।

# मत्स्य पालन विभाग को मिली नई मजबूती: मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने पांच उम्मीदवारों को सौंपे नियुक्ति पत्र



चंडीगढ़, 28 जुलाई: पंजाब सरकार ने मत्स्य पालन क्षेत्र को और मजबूत बनाने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए पांच नए उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे। पशुपालन, डेयरी विकास एवं मत्स्य पालन मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने मंगलवार को पंजाब सिविल सचिवालय में आयोजित समारोह के दौरान एक जूनियर इंजीनियर, तीन लैब टेक्नीशियन और एक लैब सहायक को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

नव-नियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए मंत्री ने उन्हें पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ये नियुक्तियां मत्स्य पालन क्षेत्र में तकनीकी क्षमता, अनुसंधान और सेवा वितरण को मजबूत करेंगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देंगी।

उन्होंने कहा कि सरकार के प्रति लोगों के विश्वास को बनाए रखने में सरकारी कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है और उन्हें जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।

स. खुड्डियां ने कहा कि यह भर्ती पंजाब सरकार की पारदर्शी और पूरी तरह योग्यता-आधारित भर्ती प्रक्रिया का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सरकार केवल रिक्त पद भरने तक सीमित नहीं है, बल्कि एक सक्षम, आधुनिक और दक्ष प्रशासनिक व्यवस्था तैयार कर रही है।

उन्होंने विश्वास जताया कि नव-नियुक्त कर्मचारी मत्स्य पालन विभाग की कार्यक्षमता बढ़ाने और राज्य में वैज्ञानिक मत्स्य उत्पादन को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

मंत्री ने बताया कि राज्य में एक्वाकल्चर और मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए विभाग में अब तक 22 मत्स्य पालन अधिकारियों सहित लगभग 50 पदों पर नियुक्तियां की जा चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के अपने वादे पर लगातार काम कर रही है और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में विभिन्न विभागों में अब तक 68,000 से अधिक सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर योग्य युवा को अपनी प्रतिभा के अनुरूप अवसर प्रदान करना है, ताकि वे पंजाब के विकास में सक्रिय भागीदारी निभा सकें। इस अवसर पर मत्स्य पालन विभाग के निदेशक हरदेव सिंह सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## 57.01 करोड़ रुपये की सिंचाई परियोजनाओं का उद्घाटन: 173 गांवों के किसानों को मिलेगा लाभ, 37 हजार एकड़ तक पहुंचेगा नहरी पानी

चंडीगढ़/फतेहगढ़ साहिब, 28 जुलाई: पंजाब सरकार ने राज्य में नहरी सिंचाई व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए विधानसभा क्षेत्र बस्सी पठानां के गांव खंट मानपुर में लगभग 57.01 करोड़ रुपये की लागत से तैयार सिंचाई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जल संसाधन तथा भूमि एवं जल संरक्षण मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने इन परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बस्सी पठानां के विधायक रुपिंदर सिंह हैप्पी भी उपस्थित रहे।

मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि इन परियोजनाओं से बस्सी, सरहिंद, खेड़ी, भामियां, कोटला और गोबिंदगढ़ डिस्ट्रिब्यूटरी माइनरों से जुड़े 173 गांवों के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र में नहरी सिंचाई का दायरा 24 हजार एकड़ से बढ़कर 37 हजार एकड़ से अधिक हो गया है, जिससे किसानों के खेतों तक अधिक मात्रा में नहरी पानी पहुंच सकेगा और भूजल पर निर्भरता कम होगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार का उद्देश्य नहरी जल का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना और लगातार गिरते भूजल स्तर को बचाना है। इसी दिशा में राज्य सरकार ने नहरी ढांचे के आधुनिकीकरण और जल संसाधनों के संरक्षण के लिए व्यापक योजना लागू की है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगे हैं।

मंत्री ने बताया कि परियोजना के तहत 82.76 किलोमीटर नहरों को पक्का किया गया है तथा 58.85



किलोमीटर पाइपलाइन और खालों का निर्माण पूरा किया गया है। इससे न केवल सिंचाई व्यवस्था अधिक प्रभावी होगी, बल्कि पानी और बिजली दोनों की बचत होगी। किसानों की ट्यूबवेलों पर निर्भरता घटेगी, सिंचाई की लागत कम होगी और कृषि उत्पादन बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें जल संसाधनों के संरक्षण के मुद्दे पर केवल राजनीति करती रहीं, जबकि मौजूदा सरकार ने पंजाब के जल संसाधनों की सुरक्षा और नहरी ढांचे को मजबूत करने के लिए ठोस एवं दूरदर्शी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को लंबे समय तक भरोसेमंद, टिकाऊ और आधुनिक सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर विधायक रुपिंदर सिंह हैप्पी ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के हितों और प्रदेश के समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक खेत तक नहरी पानी पहुंचाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं और ये परियोजनाएं किसानों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने के साथ-साथ कृषि उत्पादन बढ़ाने तथा किसानों की आय में वृद्धि करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

उन्होंने कहा कि बस्सी पठानां विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं ताकि ग्रामीण क्षेत्रों को भी शहरों जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हों और गांवों में विकास को नई गति मिल सके। इन सिंचाई परियोजनाओं से न केवल कृषि क्षेत्र को मजबूती मिलेगी, बल्कि जल संरक्षण, ऊर्जा बचत और टिकाऊ खेती को भी बढ़ावा मिलेगा।

## परिवहन और कर्मचारी संगठनों की समस्याओं के समाधान को लेकर हरपाल सिंह चीमा की मैराथन बैठकें, समयबद्ध कार्रवाई के दिए निर्देश



चंडीगढ़, 28 जुलाई: पंजाब के वित्त एवं परिवहन मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने मंगलवार को परिवहन क्षेत्र और विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ उच्चस्तरीय बैठकों की श्रृंखला आयोजित कर उनकी मांगों और कार्य संबंधी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार कर्मचारियों और परिवहन क्षेत्र की जायज़ मांगों के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा सभी मामलों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा।


परिवहन क्षेत्र से संबंधित बैठकों में मंत्री ने पंजाब स्टेट गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और स्मॉल स्केल बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने परिवहन उद्योग को राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि सरकार इस क्षेत्र को हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि दोनों संगठनों द्वारा उठाए गए सभी जायज़ मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

बैठक के दौरान हरपाल सिंह चीमा ने परिवहन विभाग के सचिव वरुण रूज़म और राज्य परिवहन आयुक्त परनीत शेरगिल को निर्देश दिए कि यूनियनों द्वारा सौंपे गए मांग-पत्रों का गंभीरता से अध्ययन कर ठोस समाधान तैयार किए जाएं तथा मामलों को अंतिम रूप देने के लिए जल्द अगली बैठकें आयोजित की जाएं।

परिवहन क्षेत्र के अलावा, कर्मचारियों के मुद्दों के समाधान के लिए गठित मंत्रिमंडलीय उप-समिति के अध्यक्ष के रूप में श्री चीमा ने जी.पी.डब्ल्यू.एस.सी. वाटर सप्लाई पंप ऑपरेटर एसोसिएशन पंजाब, एन.एच.एम. इम्प्लॉइज यूनियन, आउटसोर्स स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी यूनियन और पंजाब प्रदेश पल्लेदार मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ भी विस्तृत विचार-विमर्श किया।

कर्मचारी एवं मजदूर संगठनों की मांगों पर प्रतिक्रिया देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि भगवंत मान सरकार कर्मचारियों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।



herbegy™
Think pure think herbal

PREMIUM SPICES RANGE

Pure Spice. Rich Flavour.




PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY

Advertisement

For Dealer Inquiry Contact:

727-515-0015